प्रकाशनार्थ

06 नवम्बर, गोरखपुर। श्री गुरु नानक देव नि:शुल्क रक्तदान सेवा सोसायटी द्वारा श्री गुरु नानक देव महाराज जी के प्रकाश पर्व को समर्पित एक रक्तदान शिविर गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा, जटाशंकर, गोरखपुर के प्रांगण में गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक के सहयोग आयोजन किया गया है।

इस अवसर पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल जी ने जन सामान्य से अपील किया है की अपने शुभ अवसरों पर रक्तदान अवश्य करें जबकि आज के समय में प्लेटलेट्स की मांग बढ़ गई है ऐसे में आपका एक यूनिट रक्त प्लेटलेट्स रोगी के लिए फायदेमंद होगा , रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होती है, समाज में रक्तदान को लेकर कई भ्रांतियां फैली हैं जिसे समय समय पर रक्तदान करके संदेश देने के लिए आगे आएं। डेंगू के प्रकोप को देखते हुए आप सबसे विनम्र अनुरोध है कि 18 से 65 आयु वर्ग का कोई भी व्यक्ति जिसको रक्तदान किए 3 माह हो चुके हो कृपया अवश्य रक्तदान करें एवं स्वस्थ भारत के निर्माण में अपनी भूमिका का निर्वहन करें।

इस अवसर पर सोसायटी के अध्यक्ष जसपाल सिंह ने कहा की आज का रक्तदान शिविर प्रकाश पर्व को समर्पित है बताना चाहता हूं की रक्तदान करना उनके जीवन का एक अंग रहा है , हर अवसर पर मैंने रक्तदान किया और लोगो को प्रेरित भी किया, डेंगू ने अपना पैर पसार लिया है जिसके चलते मरीजों को प्लेटलेटस की आवश्यकता और बढ़ गई है, ऐसे में रक्तदान और भी महत्पूर्ण हो गया है। आज के रक्तदान शिविर से पेलेटलेट्स की आवश्यकता वाले रोगियों के लिए कारगर होगा।

जगनैन सिंह नीटू ने शिविर में रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और रक्तदान करने के लिए युवाओं से अपील भी किया है और कहा की आपका एक यूनिट ब्लड आज बहुत उपयोगी साबित हो रहा है ।

आज के शिविर में शिव सागर शर्मा , अरविंद गुप्ता, बबलू गुप्ता, गगन सहगल, सत्य प्रकाश सहित 20 लोगों ने रक्तदान किया। आज के रक्तदान शिविर में अब तक 46 बार रक्तदान कर चुके अरविंद ने अपने जन्मदिन के अवसर पर आज भी रक्तदान किया।

इस अवसर पर सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।